पूर्वोत्तर रेलवे

# NORTH EASTERN RAILWAY



श्री डी के सिंह , वरिष्ठ उप महाप्रबंधक

के मार्गदर्शन

एवं

श्री रवि मिश्रा , कार्यकुशलता अधिकारी

के निर्देशन में सम्पादित

## मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 ,मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा जं0 एवं गोंडा कालोनी कार्यालय के कर्मचारी संख्या की समीक्षा

द्वारा

शेखर कुमार

मुख्य योजना निरीक्षक/कार्यकुशलता संगठन

पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 –एन0ई0/07/2021–22

मिसिल संख्या –प्र/560/1/2021–22/07

## अधिशासकीय सार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 07 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 07 / 2021–22 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2021–22 / 07 |
| 4. | विषय | – | '' मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक,गोरखपुर जं0 एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक ,गोंडा जं0 के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा '' |
| 5. | विभाग | – | चिकित्सा |
| 6. | प्राधिकार | – | वरि0 उप महाप्रबन्धक द्वारा अनुमोदित कार्याध्ययन सूची वर्ष 2021–22 के अनुसार । |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | **(i)** | स्वास्थ्य ईकाइयों के अन्तर्गत वर्तमान परिस्थितियों में कार्यभार का आंकलन करना साथ ही साथ वाह्य श्रोतो से सम्पादित होने वाले कार्यों की सम्भावनाओं की समीक्षा करना। |
| | | **(ii)** | स्थानीय परिस्थितियों एवं Mechanised cleanig related instrument के परिप्रेक्ष्य में कार्यभार के अनुरूप आवश्यकता के अनुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना। |
| | | **(iii)** | कुल कर्मचारियों की आवश्यकता की गणना के उपरान्त सरप्लस कर्मचारियों की पहचान करके वर्तमान स्वीकृत संख्या से तुलना करके अभ्यर्पण हेतु संस्तुति देना। |
| 8. | कार्याध्ययन किया गया | – | 119 |
| 9. | संस्तुति सारांश | – | पृष्ठ संख्या– II |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु पदों की संख्या | – | 19 |
| 11. | वित्तीय बचत | – | **रू0 1.50 करोड़ प्रतिवर्ष** |
| 12. | वितरण तिथि | – | जून / 2021 |

''''''

<u>अनुक्रमणिका</u>


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ एवं सुझाव | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय– प्रथम** | |
| | प्रस्तावना, संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधि | |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | |
| | कर्मचारी संख्या एवं यूनिट वाइज कार्य का विवरण | |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | |
| | आलोचनात्मक विश्लेषण आवश्यक कर्मचारी संख्या का ऑकलन स्वीकृत एवं सुझाव। | |


,,,,,,,

(I)

## आभार

कार्याध्ययन दल श्रीमती मोनिका अग्निहोत्री ,मंडल रेल प्रबंधक एवं श्री रणविजय प्रताप वरि0मंडल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि/लखनऊ के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं तकनीकी निर्देशन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्रीमती संदीपा , मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 एवं श्री जीतेन्द्र शर्मा मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा जं0 व अन्य कर्मचारियों के प्रति अपना आभार व्यक्त करता है। जिन्होंने कार्याध्ययन से संबंधित वॉछित ऑकड़े उपलब्ध कराने में सहयोग प्रदान किया।

''''''

**(II)**

## संस्तुति एवं सुझाव

| क्र.सं. | संस्तुति | मद सं |
|---|---|---|
| 1. | संस्तुति की जाती है कि वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि /लखनऊ के अधीन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 के सफाईवाले के 13 पद एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/बादशाहनगर के अधीन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी के सफाईवाले के 06 पद कुल मिलाकर 19 सफाईवाले के पद जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक ऑकलित किये गये है तथा रिक्त भी चल रहे हैं, को अभ्यर्पित करने पर विचार किया जा सकता है। | 3.11 |
| | सुझाव | |
| 1. | कॉलोनियों में अधिक से अधिक मैकेनाइज्ड क्लीनिंग का प्रयोग किया जाना चाहिए। | |
| 2. | अन्य स्वास्थ्य इकाईयों की तरह आउटसोर्सिंग के माध्यम से सफाई कार्य सफलता पूर्वक एवं मितव्ययिता के साथ संपन्न कराया जाये। आउटसोर्स के माध्यम से सफाई कार्य चरणवार विभागीय पर्यवेक्षण के अधीन प्रारम्भ किया जाना चाहिए। | |
| 3 | कालोनी वासियों को कूड़ा डस्टविन में ही डालने एवं स्टेशन पर यात्रियों को कूडा डस्टविन में ही डालने हेतु जागरूक करना चाहिए तथा स्टेशन परिसर पालीथीन प्रयोग पर रोक लगनी चाहिये। स्टेशन परिसर में बिस्कुट, चिप्स, दालमोठ ,आदि के कागज के पैकिग वाले पैक ही बिक्री हेतु स्वीकार किये जायें। ऐसा न करने वाले दुकानदार पर आर्थिक दण्ड का प्रावधान किया जाना चाहिए। | |
| 4 | नई व्यवस्था के तहत् कूड़ा घर से ही उठाये जाने का प्रावधान होना चाहिए। | |
| 5 | विषयक कार्याध्ययन के दौरान कार्याध्ययन दल को यह संज्ञान में आया कि समस्त स्वास्थ्य इकाईयों का बी.ओ.एस–।।। चिकित्सा विभाग के अर्न्तगत है। जबकि स्टेशन पर कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षक इकाई का नियंत्रण यांत्रिक विभाग के अर्न्तगत है और स्टेशन के अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य निरीक्षक इकाई का नियंत्रण चिकित्सा विभाग के अर्न्तगत है। समस्त स्वास्थ्य इकाई का बी.ओ.एस. एवं नियंत्रण एक विभाग के अर्न्तगत होना उचित प्रतीत होता है। | |
| 6 | स्वास्थ्य निरीक्षक/ गोंडा जं0 इकाई का बी.ओ.एस बिल युनिट 834 के अर्तगत था, परन्तु वर्ष 2018 में स्टेशन की सफाई ठेके पर हो जाने के कारण स्टेशन पर कार्यरत सफाईवालों को बी.ओ.एस समेत DMO/Gonda के अधीन स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी के यहां बिल युनिट 417 में स्थानान्तरण हो गया। परन्तु कागजी तौर अभी तक पदों का स्थानान्तरण नहीं हुआ हैं। जिसे सुधार करने की आवश्यकता है। | |

*******

## (III)

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में दी गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को अनुमानित वार्षिक आवर्ती बचत निम्नानुसार होगी :–

| क्र.सं. | पदनाम | वेतनमान | ग्रेड पे | पदों की संख्या | औसत मूल्य प्रति पद प्रतिमाह (रू0 में) | कुल मूल्य प्रति माह (रू0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत (रू0में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाईवाला | 5200–20200 | 1800 | 19 | 66119 | 12,56,261 | 1,50,75,132 |
| कुल योग | | | | 19 | | | 1,50,75,132 |

अतः रेल राजस्व की कुल आवर्ती वार्षिक बचत रू0 एक करोड़ पचास लाख पचहत्तर हजार एक सौ बतीस मात्र।

*******

## अध्याय— प्रथम

1.0 **प्रस्तावना, संदर्भित सीमायें एवं कार्याध्ययन विधि :—**

1.1 स्वास्थ्य इकाईयों के द्वारा मुख्यतः सफाई कार्य ही सम्पन्न किये जाते हैं। वर्तमान समय में सफाई कार्य हेतु विभिन्न प्रकार के यंत्रों एवं ठेकेदारी प्रथा लागू होने से इन इकाईयों का कार्यभार पूर्व से बहुत कम हो गया है। अतएव कार्य पद्धति संबर्धन के साथ ही साथ कर्मचारी लागत पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए जिससे रेल की उत्पादकता को बढाया जा सके।

वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक, महोदय के निर्देश पर कार्यकुशलता संगठन द्वारा '' **मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 ,मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा जं0 एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी के अधीन कर्मचारी संख्या की समीक्षा** '' विषय को कार्याध्ययन हेतु चुना गया है। जिसमें 02 इकाइयॉ मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा जं0, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ मंडल के प्रशासनिक कन्ट्रोल में एवं मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/बादशाहनगर के प्रशासनिक कन्ट्रोल में है। चूंकि गोंडा जं0 स्टेशन की सफाई की व्यवस्था वर्ष 2018 में ठेके पर हो गयी थी इसलिये वर्ष 2018 में ही स्टेशन के समस्त सफाईवालों का स्थानान्तरण मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी के यहां कर दिया गया था। अतः सक्षम अधिकारी के अनुमोदन पर मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी के अधीन कार्यरत कर्मचारियों की समीक्षा भी कार्याध्ययन में सामिल किया गया।

1.2 कार्याध्ययन को निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत सम्पन्न किया गया है।

1. विभिन्न स्वास्थ्य ईकाइयों के अन्तर्गत वर्तमान परिस्थितियों में कार्यभार का आंकलन करना, साथ ही साथ वाह्य श्रोतो से सम्पादित होने वाले कार्यों की सम्भावनाओं की समीक्षा करना।
2. स्थानीय परिस्थितियों एवं Mechanised cleaning related instrument के परिप्रेक्ष्य में कार्यभार के अनुरूप आवश्यकता के अनुसार कर्मचारी संख्या का आंकलन करना।
3. कुल कर्मचारियों की आवश्यकता की गणना के उपरान्त सरप्लस कर्मचारियों की पहचान करके वर्तमान स्वीकृत संख्या से अभ्यर्पण हेतु संस्तुति देना।

1.3 **कार्याध्ययन विधि** :— कार्याध्ययन को सम्पन्न करने हेतु निम्नलिखित विधियों को अपनाया गया हैः—

1. इकाई के कार्यभार के विभिन्न आकड़े को इकठ्ठा किया गया जो प्रत्येक कोटि के कर्मचारी के कार्यभार को परिलक्षित करता है।
2. प्रत्येक इकाई के अन्तर्गत स्वीकृत कर्मचारी संख्या के सापेक्ष में मौजूद कार्यभार का विश्लेषण करना।
3. निजी प्रेक्षण एवं अवलोकन के साथ ही साथ पर्यवेक्षकों एवं अधिकारियों से परस्पर वार्तालाप सम्पन्न किया जाना।
4. कर्मचारी संख्या की गणना हेतु स्थानीय परिस्थितियों एवं भौगोलिक संरचना को ध्यान दिया जाना।

''''''

## अध्याय— द्वितीय

**2.0 कर्मचारी संख्या एवं कार्य का विवरण :—**

2.1 कार्याध्ययन की परिधि में आने वाली इकाईयॉ मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 ,मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा जं0, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ मंडल के सम्पूर्ण नियंत्रण में कार्यरत है। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी , अपर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/गोंडा के नियंत्रण में कार्यरत है। कार्याधययन के दौरान ज्ञात हुआ कि उपरोक्त कार्याध्ययन इकाईयों का बी.ओ.एस.—।।। चिकित्सा विभाग के अर्न्तगत मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/बादशाहनगर के अधीन है।

पूर्वोत्तर रेलवे जोन के स्टेशन पर कार्यरत स्वास्थ्य निरीक्षक इकाइयों का नियंत्रण यांत्रिक विभाग के अधीन है जबकि स्टेशन के अतिरिक्त अन्य स्वास्थ्य निरीक्षक इकाइयों का नियंत्रण चिकित्सा विभाग के अधीन है। पहले समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक इकाइयों का नियंत्रण चिकित्सा विभाग के अधीन था। समस्त स्वास्थ्य निरीक्षक इकाइयों का बी.ओ.एस अभी भी चिकित्सा विभाग के अधीन है। जिसका लेखा विभाग से प्रतिवर्ष विधिक्षण चिकित्सा विभाग द्वारा ही कराया जाता है।

| क्र. सं | बिल युनिट | मुख्यालय | अभ्यर्पित पद का नाम | ग्रेड पें | कुल पदों की सं. | वास्तविक पदों की संख्या | शेष पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 834 | गोंडा कालोनी | सफाईवाला | 1800 | 54 | 46 | 08 |
| 02 | 417 | गोंडा जं0एवं गोंडा कालोनी | स्वा0 निरी0 | 4200एवं 4600 | 05 | 05 | 00 |
| 03 | 835 | गोरखपुर जं0 | सफाईवाला | 1800 | 53 | 37 | 16 |
| 04 | 835 | गोरखपुर जं0 | स्वा0 निरी0 | 4200एवं 4600 | 06 | 05 | 01 |
| 05 | 835 | गोरखपुर जं0 | कार्याधी0 | 4600 | 01 | 01 | 00 |
| | | | | **योग** | **119** | **94** | **25** |

बिल युनिट 834 गोंडा जं0 सफाई वाले का युनिट था। परन्तु वर्ष 2018 में गोंडा जं0 स्टेशन की सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था ठेके पर दे दी गयी थी, इसलिये गोंडा जं0 सफाई वाले का बी.ओ.एस DMO/Gonda के अधीन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी में बिल युनिट 417 में स्थानान्तरण हो गया। वास्तव में अभी भी वर्तमान में 834 बिल युनिट में 01 स्वास्थ्य निरीक्षक एवं 54 सफाईवाले का बी.ओ.एस है।

कागजी तौर अभी तक पदों का स्थानान्तरण नहीं हुआ हैं। जिसे सुधार करने की आवश्यकता है। गोरखपुर जं0 स्टेशन की सफाई व्यवस्था ठेके पर दे दी गयी है परन्तु यहां अभी भी 53 सफाई वाले का बी.ओ.एस है जिसके अर्न्तगत वर्तमान में 37 सफाईवाले कार्यरत हैं। रेलवे के स्वास्थ्य निरीक्षक ठेके के कर्मचारियों के साथ सरकारी सफाईवालों से भी सफाई कार्य कराते हैं।

# मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोरखपुर जं0 इकाई

**01 कार्यक्षेत्र** :– इनका कार्य क्षेत्र निम्नवत है:–

1. प्लेटफार्म सं0– 01 से 09 तक (प्लेटफार्म सं0– 2 ए भी सम्मिलित है।)
2. ट्रैक संख्या 01 से 09 तक (वाषएबुल एप्रन व ड्रेनेज)
3. कैव वे 01 एवं 09 ,सरकुलेटिंग एरिया ,आगमन क्षेत्र ,प्लेटफार्म पर स्थित टायलेट ,ए.सी.लाउन्ज।
4. न्यू पी आर0 एस0, पार्सल बिल्डिंग, कुली विश्रामालय, बेस किचन, स्टेशन कालोनी,न्यायालय कैम्पस बुकिंग कार्यालय ,आर0आर0आई0 बिल्डिंग, ओ0आर0एच0
5. रैग पिकिंग
   छावनी एंड – होम सिग्नल तक, लखनऊ एंड – होम सिग्नल तक ,नौतनवा एंड – होम सिग्नल तक
6. गारवेज डिस्पोजल (गेट सं0 06 व कैव वे 09 के कूड़ा घर से )
7. मेन ड्रेन :–
   (I ) कैव वे 09 पश्चिम साइड से ए0ई0एन0 गेट तक।
   (II) कैव वे 09 पूर्वी साइड स्टोर गेट।
   (III) साइकिल स्टैण्ड से स्टेशन कालोनी तक।
   (IV) जी0आर0पी0 थाना से न्यू पी0आर0एस0 तक।
8. फुट ओवर ब्रिज (1,2,3), एस्कलेटर, लिफ्ट।
9. प्लेटफार्म पर स्थित वाटर बूथ, डस्टबिन क्लीनिंग, सेलून साइडिंग, स्टील रेलिंग क्लीनिंग इज्जत घर, बिजली विभाग कार्यालय।
10. सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित पार्को की साफ सफाई।
11. प्लेटफार्म पर स्थित डस्टबिनो से कूड़ा कचरा निस्तारण।

02 कार्यभार :–

1. उक्त कार्यक्षेत्रो में सफाई व्यवस्था की तीनो पारियों में निगरानी, (मॉनिटरिंग) पर्यवेक्षण एवं करना।
2. उक्त परिक्षेत्रों में पेस्ट कन्ट्रोल, रोडेन्ट कन्ट्रोल, वेक्टर कन्ट्रोल, मंकी कन्ट्रोल, इत्यादि कार्य की निगरानी व पर्यवेक्षण करना।
3. स्टेषन परिसर जल का क्लोरिनेषन, जल जीवाणु जॉच, जल की रासायनिक जॉच के नमूनो का संग्रहण कर जॉच हेतु किट का लैब द्वारा जॉच करवाना। ताकि यात्रियो को शुद्ध जल की आपूर्ति प्राप्त हो।
4. स्टेशन परिसर के खाद्य स्टालो बेस किचन, फूड प्लाजा का निरीक्षण एवं क्वालिटी कन्ट्रोल के अन्तर्गत खाद्य नमूना का संग्रहण कर जॉच हेतु प्रयोगशाला प्रेषित करना।

5. आगमन क्षेत्र में स्थित इज्जतघर की सफाई व्यवस्था एवं रखरखाव सुनिश्चित करवाना।
6. स्टेशन परिसर से एकत्र होने वाले गारवेज को करारनामानुसार चिन्हित स्थल पर प्रतिदिन गारवेज डिस्पोजल की मॉनिटरिंग करना।
7. समय—समय पर जन स्वास्थ्य सम्बन्धि कार्यक्रम में सक्रिय योगदान प्रदान करना।
8. स्टेशन के होम सिग्नल तक रैग पिकिंग कार्य का निरीक्षण करना।
9. प्रतिवर्ष स्वच्छता सम्बन्धि कार्यक्रम जैसे — स्वच्छता पखवाड़ा, गॉधी जयन्ती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम, यात्री स्वच्छता जागरूकता अभियान, अधीनस्थ सरकारी व संविदा श्रमिकों को जागरूकता प्रदान करने वाले अभियान में पूर्ण योगदान प्रदान करना।
10. वर्तमान में कोविड—19 पैनडेमिक में यात्रियों को हैण्ड सैनीटाइजर प्रदान करना। तथा हाइपोक्लोराइट से सम्पूर्ण स्टेषन परिसर, सर्विस विल्डिंग में सैनीटाइजेषन कार्य की तीनो पालियो में मॉनिटरिंग, पर्यवेक्षण एवं निर्विवाद सम्पादन करवाना।
11. अधीनस्थ कर्मचारियों को अनुशासन में रखकर कार्यो को सम्पादित कराना एवं कर्मचारियों के वेलफेयर सम्बन्धी कार्यो को पूरा निष्ठा के साथ करना।
12. संविदा श्रमिकों के हितो की रक्षा करना।
13. पर्यावरण रक्षा हेतु ध्वनि प्रदूषण की प्रतिदिन मॉनिटरिंग, समय—समय पर वायु की गुणवत्ता की जाँच, वाटर डिस्चार्ज के नमूनो जाँच करवाना एवं यात्रियों को सिंगल यूज प्लस्टिक का उपयोग न करने हेतू पोस्टर, वैनर, रैलियो के माध्यम से जागरूकता अभियान का आयोजन करवाना।
14. इन्ट्रीगेटेड कार्यप्रणाली के अन्तर्गत प्रतिदिन प्रति पाली में सी0सी0टी0वी0 के माध्यम से स्टेशन परिसर में सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग करना।

03 कार्य समय (वर्किग आवर्स)

पाली— 22:00 से 06:00 पाली— 06:00 से 14:00 पाली — 14:00 से 22:00

04 स्वास्थ्य ईकाई के टूल्स एवं प्लांटस का विवरण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोकोनट ब्रुम | 02 | फूल झाडू | 03 | वाइपर बड़ा एवं छोटा |
| 04 | ठेला | 05 | बेल्चा | 06 | करछा |
| 07 | झठाऊ | 08 | तारपंजी | 09 | पांचा |
| 10 | फावड़ा | 11 | नेमसेक स्प्रे मशीन | 12 | स्वच्छ सारथी |

05 स्वास्थ्य ईकाई के दैनिक प्रयोग में आनेवाली सामग्री का विवरण :—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ब्लीचिंग पाउडर | 02 | बायफ्लोर, | 03 | एसिड क्लीनिंग , |
| 04 | सोडियम हाइपो क्लोराइट | 05 | स्वाव फ्लोर | 06 | डस्टर कॉटन |
| 07 | शोप साल्युशन | 08 | नैफ्थलीन बॉल | 09 | ओडोनिल |

उपरोक्त समस्त टूल्स एंव प्लांटस तथा दैनिक सफाई सामग्री कोचिंग डिपो गोरखपुर से प्राप्त की जाती है।

06 कार्यालय में मैन्टेन किये जाने वाले रिकार्ड का विवरण :—

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कर्मचारी उपस्थिति पंजिका | 02 | जल क्लोरिकरन पंजिका | 03 | टी0एण्डपी0 पंजिका |
| 04 | कर्मचारी कार्य वितरण पंजिका | 05 | खाद्य नमूना पंजिका | 06 | अग्रदाय धनराशि पंजिका |
| 07 | बाह्य ड्यूटी पंजिका | 08 | सामग्री लेजर पंजिका | 09 | आक0अवकाश पंजिका |
| 10 | निरीक्षण पंजिका | 11 | सामग्री वितरण पंजिका | 12 | अर्जित अवकाश पंजिका |
| 13 | सी0सी0टी0वी0 मॉनिटरिंग पंजिका | 14 | मस्टर सीट | 15 | कर्मचारी अनु0 पंजिका |

07 कार्य बिन्दुवार लगाये जाने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा :—

| क्र0 सं0 | कार्यस्थल | कार्य का विवरण | कर्मचारियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पाली 22:00से 06:00 | पाली 06:00 से 14:00 | पाली 14:00 से 22:00 |
| 1 | पी0आर0एस0 बिल्डिंग | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारवेज, डिस्पोजल | | 1 | 1 |
| 2 | पार्सल बिल्डिंग | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारवेज, डिस्पोजल | | 1 | 1 |
| 3 | आर0आर0आई0 बिल्डिंग + सिग्नल कार्यालय | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारवेज, डिस्पोजल | | 1 | |
| 4 | कुली विश्रामालय | स्वीपिंग, गारबेज डिस्पोजल टायलेट वाथरूम क्लीनिंग | | 1 | |
| 5 | बेस किचन कैम्पस | स्वीपिंग, मापिंग, गारवेज डिस्पोजल | | 1 | |
| 6 | ओ0 आर0 एच0 + बरामदा | स्पीपिंग, मापिंग, गारवेज डिस्पोजल टायलेट, वाषबेसिन, वाथरूम क्लीनिंग | 1 | 1 | 1 |
| 7 | प्लेटफार्म कार्यालय | स्वीपिंग, मापिंग, टायलेट क्लीनिंग | 1 | 2 | 1 |
| 8 | स्टेषन कालोनी | स्वीपिंग, गारबेज डिस्पोजल | | 1 | |
| 9 | एस0आर0एम0कोर्ट + बिजली घर + एरिया मैनेजर कार्यालय | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारबेज डिस्पोजल | | 1 | |
| 10 | कचरा निस्तारण | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्र कर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | | 1 | |
| 11 | एसी लाउन्ज प्लेटफार्म संख्या 9 (महिला, पुरूष) | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | | 1 | 1 |
| 12 | सम्पूर्ण रेलवे स्टेषन परिसर (सभी प्लेटफार्म कार्यालय, यात्री विश्रामालय आदि) में सैनीटाइंजेशन | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | | 1 | 1 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | मेन नाला | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | | 10 | |
| 14 | पान दाग/पोस्टर/जाला सफाई/अन्य कार्य | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु। | | 1 | |
| 15 | कुल | | 02 | 24 | 6 |
| | कुल कर्मचारी की सं0 = 32 | | | | |
| | लिव/सिक/विश्राम/अनु0 = 07 | | | | |
| वर्तमान सं0 = 39 (इसमें से 01 स0वाला दिनांक 30.05.2021 एवं 01 स0वाला दिनांक 31.06.2021 को सेवानिवृत हो जायेंगे।) | | | | | |
| नोट :– कोविड–19 पैनडेमिक के कारण गाड़ियों का संचालन एवं यात्रियों का आवागमन पूर्ववत नही है। जिस कारण गोर0 जं0 की सफाई कार्य की निविदा में प्लेटफार्म सं0– 7, 8, 9 व कैव–9 से श्रमिकों का हटाया गया है। वर्तमान में क्र0सं0 13 के स्थान पर उक्त परिक्षेत्रों की साफ सफाई संविदा कर्मियों द्वारा करायी जा रही है। | | | | | |

08 **मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोरखपुर जं0 इकाई** :–वर्तमान में स्वास्थ्य निरीक्षक, कार्याधी0 एवं सफाईवालों की स्वीकृत ,वास्तविक एवं रिक्त पदों की संख्या निम्नवत हैः–

| क्र.सं. | पदनाम | ग्रेड–पे | स्वीकृत संख्या | वास्तविक संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्वास्थ्य निरी0 | 4200 एवं 4600 | 06 | 05 | 01 |
| 02 | कार्याधी0 | 4600 | 01 | 01 | 00 |
| 03 | सफाईवाला | 1800 | 53 | 37 | 16 |
| | | **योग** | **60** | **43** | **17** |

09 आउट सोर्सिंग से कराये जाने वाले कार्य का विवरण :–

गोरखपुर जं0 स्टेशन पर साफ–सफाई एवं कूढा निस्तारण एवं Pest and animal control आउट सोर्सिग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। जिसके लिये रेल प्रशासन ने 02 कम्पनियों से करार किया है।जिसमें से एक कम्पनी अपने कर्मचारियों के द्वारा अपने आधुनिकतम मशीनों से अपने मैटिरियल से साफ–सफाई कार्य कराती है एवं कूढों का निस्तारण करवाती है। दूसरी कम्पनी Pest and animal control कार्य करवाती है। दोनों कम्पनी का ब्यौरा निम्नवत है :–

| क्र0सं0 | कार्य का विवरण | आउट सोर्सिग कम्पनी का नाम | ठेके की प्रारम्भ एवं समाप्ति तिथि | अनुबंध पत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Semi mechanized platform cleaning & cleaning of arrival premises of Gorakhpur station along with garbage disposal for 04 years. | M/s Impressions services pvt.ltd New Delhi. | 13/08/19 to 11/08/23 | अनुबंध पत्र की छायाप्रति संलग्न है। |
| 2 | Pest and animal control service – maintenance contract, 12 months, general pests/insects control | Dynamic pest and rodent control New Delhi. | 17/05/21 to 16/05/21 | |

# मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोंडा जं0 इकाई

## 2 -मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक का कार्यक्षेत्र एवं कार्यभार का विवरण :-

**कार्यक्षेत्र :-** मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक,गोंडा के कार्य क्षेत्र के अंतर्गत गोंडा स्टेशन की सफाई व्यवस्था जिसमें रैग पिर्किंग व् ROH डिपो की सफाई व्यवस्था सम्मिलित है व जल तथा खाद्य की गुणवत्ता को मानक बनाये रखना। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रयास करना। इसके अतिरिक्त प्रतिपाली में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने हेतु स्वास्थ्य निरीक्षकों की ड्यूटी निर्धारित किया जाता है साथ ही गोंडा से मनकापुर तक (बरुआचक ,मोतीगंज, झिलाही) तथा मनकापुर से राम घाट तक (मनकापुर, टिकरी, नवाबगंज,कटरा,रामघाट) स्टेशनों पर जल व खाद्य की गुणवत्ता संबंधी सैंपलिंग करते हुए मानक को सुनिश्चित करना। विभिन्न स्वास्थ्य व् स्वच्छता कार्यक्रमों /अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाकर सफल बनाना। उच्चाधिकारियों के सभी आदेशों व् निर्देशों का पालन करना। वार्षिक कार्य योजना व् रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेशों व् निर्देशों का अनुपालन करना। कार्यालयी कार्यो का निर्वहन करना साथ ही कर्मचारी कल्याण सम्बंधित कार्य का सम्पादन कराना। सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग का कार्य करारनामा के अनुरूप कराना।

**कार्यभार:-** मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोंडा द्वारा निम्नलिखित कार्य किए जाते हैं-

1-गोंडा स्टेशन की सफाई व्यवस्था हेतु Around the clock मानटरिंग हेतु प्रबंधन किया जाता है जिसके अंतर्गत स्वा0 निरी0 की ड्यूटी 22/6ए 6/14 व 14/22 पाली में सुनिश्चित की जाती है साथ ही एक पद RG/LR का रिक्त है। जिसके कारण स्वास्थ्य निरीक्षक की कमी के कारण यदि 22/06 पाली में ड्यूटी नही लगाई जाती है तो इस पाली का पर्यवेक्षण औचक निरीक्षण कर सुनिश्चित किया जाता है।

2-गोंडा स्टेशन पर सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों को सेमी मैकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के मानक के अनुरूप कार्य प्रणाली हेतु न सिर्फ निर्देशित किया जाता है बल्कि समय - समय पर कार्य पद्धति में सुधार हेतु Counselling भी की जाती है।

3-सेमी मैकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के कार्यों को करारनामा के अनुरूप करा कर गोंडा स्टेशन की सफाई व्यवस्था को मानक के अनुरूप बनाये रखा जाता है।

4-स्वास्थ्य निरीक्षकों व ठेकेदार श्रमिकों के परिवादो / शिकायतों का भी कर्मचारी कल्याण नीति के अंतर्गत निस्तारण कराया जाता है।

5-ठेकेदार श्रमिकों को स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करवाना व समय-समय पर विशेष दिवसों जैसे विश्व पर्यावरण दिवस ,योग दिवस इत्यादि के मनाए जाने पर उन दिवसों के बारे में जानकारी प्रदान की जाती है।

6-गोंडा स्टेशन पर पेय जल व खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता संबंधी नमूनों का संग्रहण किया जाना व विश्लेषण कराकर एपेय जल व खाद्य सामग्री को मानक के अनुरूप बनाए रखने का यथा संभव प्रयास किया जाता है साथ ही खाद्य ठेलो ,स्टालों का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया जाता है।

7-स्टेशन पर गंदगी फैलाने जाने वाले यात्रियों को न सिर्फ सफाई व्यवस्था हेतु जागरूक किया जाता है बल्कि पेनाल्टी लगाकर नियमानुसार रेल राजस्व में Z - 652 मद में अर्जित धनराशि को जमा कराया जाता है।

8-सभी विभागों से समन्वय स्थापित किया जाता है साथ ही स्टेशन व्यवस्था सुधार ग्रुप (SIG) के द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाता है जिसमें सक्रिय भूमिका निभाकर स्टेशन की कमियों पर चर्चा करते हुए उन्हें संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर दूर करने का यथासंभव प्रयास किया जाता है।

9-स्वास्थ्य निरीक्षक की उपस्थिति की मास्टर शीट बनाना तथा भुगतान हेतु कार्मिक विभाग को उपलब्ध कराना। साथ ही कर्मचारी कल्याण नीतियों का अनुपालन सुनिश्चित कराना।

10-उच्चाधिकारियों के निरीक्षण कराना व निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था को मानक के अनुरूप सुनिश्चित कराना। साथ ही निर्देशों / कमियों को दूर कराना।

11-सेमी मैकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट संबंधित अभिलेखों का संरक्षण / रख –रखाव करना एवं भुगतान संबंधी बिल प्रक्रिया सुनिश्चित करना साथ ही नियमानुसार कार्य में कमी पाए जाने पर पेनाल्टी की कटौती बिल में सुनिश्चित करना।

12-पर्यावरण संरक्षण के संबंध में स्टेशनों की ISO certificatio -140001 -2015 की सुनिश्चितता हेतु Audit में भागीदारी करना व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर उठाये गये मदों का निस्तारण कराना।

13- सरकुलेटिंग एरिया में एक पार्क का सौंदर्यीकरण करवाना एवं वृक्षारोपण करवाना। साथ ही प्रतिदिन स्टेशन पर Nolse level व Air quality level मानिटरिंग से ध्वनि ,वायु व जल प्रदूषण को रोकने हेतु सुधारात्मक प्रयास करना। साथ ही स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्टेशनों पर एकल उपयोगी प्लास्टिक का प्रयोग न किया जाय इसकी मुहिम – चलाना एवं जागरूकता संबंधी बोर्ड लगवाना ।

14-विभिन्न स्वच्छता अभियानो /पखवाड़ों में अपने उच्चाधिकारियों के निर्देशों व आदेशों का पालन सुनिश्चित करना, साथ ही अभियान की सफलता हेतु विभिन्न विभागों के पर्यवेक्षक गणों व् अधिकारीगण से समन्वय स्थापित कर स्वच्छता शपथ,कोरोना शपथ, योग दिवस शपथ, सतर्कता शपथ दिलाना एवं रेल कर्मियों ,यात्रियों,वेंडरों कुलियों व् ठेकेदार श्रमिको से संकल्प दिलाकर feed back लेना।

15 -कार्यालय संबंधी अभिलेखों का रखरखाव व संरक्षण करना ।

16 -Audit व सतर्कता जांच में पूर्ण सहयोग देना व् निरीक्षण कराना ।

17 -Contractual स्टाफ को सुरक्षित तरीके की कार्य प्रणाली अपनाने हेतु जानकारी देना व जागरूक करना।

18 -स्वास्थ्य निरीक्षको के कार्यो व कार्य प्रणाली की मानिटरिंग करना व दिशा निर्देश देना साथ ही मंडल से प्राप्त निर्देशों व आदेशों का पालन सुनिश्चित करना व करवाना ।

19 -ठेकेदार द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाली मासिक सफाई सामग्री की मात्रा का सत्यापन करना।

20- स्टेशन के होम सिग्नल तक रैग पिकिंग कार्य व् ROH डिपो की सफाई का पर्यवेक्षण करना।

21 -कोविड -19 को दृष्टिगत रखते हुए लगातार स्टेशन पर सेनेटाईजेशन का कार्य कराना व् यात्रियों को हैण्ड सेनेटाईजेशन का कार्य कराना।

22 -स्टेशन परिसर में मच्छर निरोधी कार्य हेतु इन्सेक्टिसाइड लिक्विड का छिडकाव कराया जाना। साथ ही रोडेंट नियंत्रण हेतु रैट किल रखवाया जाना।

23 -स्टेशन परिसर से निकलने वाले कूड़े का नियमानुसार निष्पादन का पर्यवेक्षण किया जाना।

**<u>3-कार्य बिन्दुवार लगाए जाने वाले कर्मचारियों का ब्यौरा :-</u>** गोंडा स्टेशन पर कोई भी विभागीय सफाई कर्मचारी नियुक्त नही है। सभी ठेकेदार सफाई श्रमिक कार्यरत है।

**<u>4-कार्य समय-वर्किंग आवर्स-</u>** गोंडा स्टेशन पर कोई भी विभागीय सफाई कर्मचारी नियुक्त नही है। सभी ठेकेदार सफाई श्रमिक कार्यरत है। केवल 3 स्वास्थ्य निरीक्षक तथा एक मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक विभागीय कार्यरत हैं।

गोंडा स्टेशन पर 4 पालियों में कार्य कराया जाता है जो कि निम्नलिखित है :-

---प्रथम पाली 22:00 बजे से 06:00 बजे तक,द्वितीय पाली 06:00 बजे से 14:00 बजे तक

---डे शिफ्ट 08:00 बजे से 16:00 बजे तक (रैग पिकिंग व् ROH की सफाई)

----तृतीय पाली 14:00 बजे से 22:00 बजे तक

## 5- कॉन्ट्रैक्चुअल <u>मशीन</u>

1-राइड ऑन स्क्रबर ड्रायर मशीन (बैटरी आपरेटेड) चार्जर के साथ

2-वाक बिहाइंड स्क्रबर ड्रायर मशीन (विधुत आपरेटेड)

3-मैन्युअल स्वीपर ,4-हैण्ड हेल्ड स्क्रबर मशीन (विधुत आपरेटेड)

5-ड्राई एंड वेट वेक्यूम क्लीनर मशीन (विधुत आपरेटेड)

6-हाई प्रेशर जेट क्लीनिंग मशीन (डीजल आपरेटेड)

7-ऑटोमेटिक एस्केलेटर क्लीनर कम ऑटोमेटिक स्क्रबर ड्रायर मशीन (विधुत आपरेटेड)

8-बायो मेट्रिक अटेंडेंस मशीन (विधुत आपरेटेड)कंप्यूटर व् प्रिंटर के साथ

9- नैप सैक स्प्रे मशीन (मैन्युअल व् बैटरी आपरेटेड)

**( I.) राइड ऑंन स्क्रबर ड्रायर मशीन ( बैटरी ऑपरेटेड )**




यह मशीन सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कार्यरत है जो कि बैटरी आपरेटेड है इसमें उपयोग की जाने वाली चार बैटरी लीथियम आयन पर आधारित रिचार्ज मैकेनिज्म पर कार्य करती है इसमें 100 लीटर क्षमता का फ्रेश वाटर टैंक व् 100 लीटर क्षमता का डर्टी वाटर टैंक बना हुआ है। यह मशीन प्लेटफार्म की उत्कृष्ट सफाई के लिए सर्वथा उपयुक्त है।

**( II.) <u>वाँक बिहाइन्ड स्क्रबर ड्रायर मशीन(विधुतऑपरेटेड)</u>**



यह मशीन सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कार्यरत है जो कि विधुत आपरेटेड है I इसमें 40 लीटर क्षमता का सलूशन वाटर टैंक व् 40 लीटर क्षमता का रिकवरी वाटर टैंक बना हुआ है I यह मशीन पैसेंजर हॉल व् वेटिंग हॉल की बेहतर सफाई के लिए उपयुक्त है I

**( III.) <u>मैनुअल स्वीपर मशीन</u>**



यह मशीन सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कार्यरत है इसे मैन्युअल तरीके से स्वीपिंग और गारबेज कलेक्शन  कार्य में प्रयोग किया जाता है इसमें विधुत व् बैटरी का उपयोग नही किया जाता है। इसके संचालन से प्लेटफार्म , वेटिंग रूम ,पैसेंजर हॉल व् जहाँ ग्रेनाइट व् कोटा स्टोन नही लगे है वहां की भी स्वीपिंग का कार्य किया जाता है

## ( IV.) ड्राई एंड वेट वैक्यूम क्लीनिक मशीन (विधुत ऑपरेटेड )



यह मशीन सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कार्यरत है जो कि विधुत आपरेटेड है। इस मशीन के द्वारा सर्विस बिल्डिंग की खिड़की, दरवाजों व् इस पर लगे जालों  की सफाई उत्तम प्रकार से कराई जाती है। इस मशीन के साथ विभिन्न टूल्स की मदद से कोने कोने से धूल व् गंदगी हटाया जाती है। ये ड्राई व् वेट दोनों प्रकार की वक्युम क्षमता वहां करती है। जिससे बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके।

## ( V.) <u>हैण्ड हेल्ड स्क्रबर मशीन(विधुत ऑपरेटेड)</u>



यह मशीन सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कार्यरत है जो कि विधुत आपरेटेड है। इस मशीन के द्वारा छोटे स्थानों व् वर्टीकल सरफेसेस की सफाई उत्कृष्ट रूप से की जाती है इसे हाँथ से पकड़ कर संचालित किया जाता है।

## (VI.) <u>हाई प्रेशर जेट क्लीनिंग मशीन (डीजल ऑपरेटेड )</u>




यह मशीन सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कार्यरत है जो कि डीजल आपरेटेड है। इस मशीन के द्वारा स्टेशन के सभी ट्रैकों की धुलाई का कार्य ही नही बल्कि करचर टाइल्स इत्यादि की धुलाई का भी कार्य बड़ी सुगमता के साथ कराया जाता है जिससे सफाई व्यवस्था को मानक के अनुरूप बनाये रखा जा सके।

**( VII.)** <u>-एस्केलेटर क्लीनिंग मशीन (विधुत ऑपरेटेड)</u>





गोंडा जं पर यह मशीन सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कार्यरत है जो कि विधुत आपरेटेड है। इस मशीन के द्वारा एस्केलेटर की सफाई कराई जाती है जिसमे एस्केलेटर की सीढियां साइड एरिया व् फुट एरिया की सफाई इस मशीन के साथ उपलब्ध विभिन्न एक्सेसरीज/टूल्स की मदद से की जाती है। इसमें 45 लीटर क्षमता का फ्रेश वाटर टैंक व् 45 लीटर क्षमता का डर्टी वाटर टैंक बना हुआ है। मशीन चलते समय वाटर पंप द्वारा फ्रेश वाटर गिरता है जिसमे फ्लोर क्लीनर लिक्विड मिश्रित रहता है तत्पश्चात लगे स्क्रबिंग ब्रश द्वारा सीढ़ियों की सफाई की जाती है व् वक्युम पंप द्वारा सफाई के पश्चात गंदे पानी को डर्टी वाटर टैंक में पहुँचाया जाता है यदि डर्टी टैंक भर जाता है तो डिलीवरी पाइप के माध्यम से गंदे पानी को मशीन से बाहर कर दिया जाता है। इस प्रकार मशीन के द्वारा एस्केलेटर की मेकेनाइज्ड क्लीनिंग का कार्य बेहतर तरीके से किया जाता है।

## 6-कार्यालय में मेन्टेन किए जाने वाले रिकार्ड का विवरण:-

| | | |
|---|---|---|
| अवशेष क्लोरीन रजिस्टर | जल-जीवाणु परीक्षण रजिस्टर | जल का रासायनिक परीक्षण रजिस्टर |
| खाद्य नमूना रजिस्टर | स्वास्थ्य निरीक्षक उपस्थिति पंजिका | विभिन्न विभागों की पत्राचार फ़ाइल |
| आपातकालीन ड्यूटी पास पुस्तिका | स्वा० निरी० का मूवमेन्ट रजिस्टर | सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट फाइल |

## 7-सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत फर्म द्वारा अनुरक्षित किये जाने वाले अभिलेख :-

| | |
|---|---|
| -कॉन्ट्रैक्चुअल स्टाफ बायोमेट्रिक उपस्थिति फाइल | कॉन्ट्रैक्चुअल स्टाफ डेप्लायमेंट रजिस्टर |
| कॉन्ट्रैक्चुअल स्कोर कार्ड | कॉन्ट्रैक्चुअल मशीन लागबुक |
| कॉन्ट्रैक्चुअल कन्जूमेबल आइटम स्टॉक रजिस्टर | कॉन्ट्रैक्चुअल कन्जूमेबल आइटम डी. टी. आर. फाइल |
| कॉन्ट्रैक्चुअल टी एंड पी रजिस्टर | निरीक्षण पंजिका |
| - शिकायत पंजिका | कॉन्ट्रैक्चुअल मशीन फाइल |
| कॉन्ट्रैक्चुअल स्टाफ यूनिफार्म एंड प्रोटेक्टिव गियर पंजिका | - कॉन्ट्रैक्चुअल स्टाफ परिवाद पंजिका |
| - कॉन्ट्रैक्चुअल रैग पिकिंग व् ROH क्लीनिंग पंजिका/फाइल | कॉन्ट्रैक्चुअल डीजल लागबुक |

**8-आउटसोर्सिंग से किए जाने वाले कार्य का विवरण :-** गोंडा रेलवे स्टेशन पर सेमी मेकेनाइज्ड क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत सफाई व्यवस्था को मानक के अनुरूप बनाये रखने का कार्य आउटसोर्सिंग के माध्यम से किया जा रहा है जिसका विवरण निम्नलिखित है।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | आउट सोर्सिंग कम्पनी का नाम | ठेके की प्रारम्भ एवं समाप्ति तिथि | अनुबंध पत्र | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेमी मैकेनाइज्ड प्लेटफार्म क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट गोंडा जं० कूड़ा निष्पादन कार्य के साथ | M/S. किंग सिक्यूरिटी गाड्र्स सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड ,3/70 विश्वास खण्ड गोमतीनगर लखनऊ 226010 | 15/12/2020 से 14/12/2024 तक 4 वर्षों हेतु | करारनामा संख्या – DRM/LJN/05/Mech. PF Clg/GD/20 दिनांक - 03/03/2021 छाया प्रति संग्लग्न करे। | |

नोट :- गोंडा जं पर सेमी मेकेनाइज्ड प्लेटफार्म क्लीनिंग कॉन्ट्रैक्ट के अंतर्गत कुल निर्धारित ठेकेदार सफाई कर्मचारी =122 ,कोविड -19 को द्रष्टिगत रखते हुए स्टेशन पर लेस फुटफाल आफ ट्रेन्स के तहत 29 ठेकेदार सफाई कर्मचारी की संख्या उपरोक्त से कम कर दी गयी है इस प्रकार वर्तमान समय में 122-29=93 कॉन्ट्रैक्चुअल स्टाफ से कार्य कराया जा रहा है। प्रति पाली स्टाफ डेप्लोय्मेंट निम्न है :-

प्रथम पाली 22:00 बजे से 06:00 बजे तक =12 अनस्किल्ड +1 स्किल्ड=13

द्वितीय पाली 06:00 बजे से 14:00 बजे तक =40 अनस्किल्ड +2 स्किल्ड=42

डे शिफ्ट 08:00 बजे से 16:00 बजे तक (रैग पिकिंग व् ROH की सफाई) =06 अनस्किल्ड(रैग पिकिंग) +03 अनस्किल्ड(ROH)=09

तृतीय पाली 14:00 बजे से 22:00 बजे तक =27 अनस्किल्ड +2 स्किल्ड=29

**कुल=93 कॉन्ट्रैक्चुअल स्टाफ**

# मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोंडा कॉलोनी

**1-मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक के कार्यक्षेत्र एवं कार्यभार का विवरण :-**

मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कॉलोनी पूरी रेलवे कॉलोनी जो लगभग 2.5 वर्ग किलोमीटर में है ,1702 आवास हैं तथा नाली व् नाले हैं , उनकी सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी है I कॉलोनी के अतिरिक्त गोंडा रेलवे स्टेशन से लेकर बढ़नी रेलवे स्टेशन तक खाद्य नमूना संग्रह व् जल नमूना संग्रह करना तथा उनको सील पैक करके जांच हेतु लखनऊ प्रयोगशाला में भेजना I प्रतिदिन अवशेष क्लोरीन की जांच करना पेय योग्य जल की आपूर्ति हेतु सी.से.ई./गोंडा महोदय के साथ ओवर हेड टैंक व् क्लोरिनेटर प्लांट का निरीक्षण करना तथा इसका रजिस्टर मेन्टेन करना ,स्टालों ,ठेलों तथा पेंट्रीकार का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट तैयार करना I प्रतिदिन कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर कराना इसको तथा मास्टर शीट को क्लोज करना I कर्मचारियों को कार्य अनुसार स्टोर सामग्री देना कर्मचारियों को कार्य वितरण करना तथा प्रतिदिन दो से तीन बार पूरी कॉलोनी का निरीक्षण करना , साथ ही स्टोर लेजर को मेन्टेन करना I कर्मचारियों की अवकाश स्वीकृत कर LAP रजिस्टर व् CL कार्ड पर चढ़ाना I MCDO रिपोर्ट तैयार करना कर्मचारियों के वेतन भुगतान हेतु पूरी प्रक्रिया करके APO गोंडा कार्यालय को मास्टर शीट सहित अन्य पत्र भेजना I आजकल प्रतिदिन COVID के कारण प्रतिदिन सेनेटाईजेशन का कार्य करना तथा उसकी रिपोर्ट लखनऊ भेजना साथ ही मच्छर रोधी कार्य करना ,कार्यालय को प्राप्त सफाई सम्बन्धी शिकायतों को लिखना व् उसका निस्तारण करना ,शिकायत स्थल पर जाकर कार्य को देखना साथ ही उच्चाधिकारियों से प्राप्त पत्रों व् निरीक्षण नोटों का निस्तारण करना आदि कार्य तथा उच्चाधिकारियों से प्राप्त आदेशों का पालन करना I

नोट :-मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक कॉलोनी के कार्यालयमें कोई भी स्टोर बाबू/हाजिरीबाबू/क्लर्क की नियुक्ति नहीं है I सारे कार्य स्वयं करने होते हैं I

**2-कार्य बिन्दुवार लगाए जाने वाले कर्मचारियों का विवरण :-**

ब्रूमिंग करना ,नाली –नालो की सफाई ,डिसिल्टिंग करना ,कूड़ा उठाकर कूड़ेदान तक पहुचाना, शिकायत कार्य (लैट्रिन चोक ,शीट बदलना , नाली पाईप चोकिंग ) दूर करना, मच्छर रोधी स्प्रे कार्य करना ,पल्स पोलियों में ड्यूटी करना , हैल्थ कैम्प में सफाई कार्य करना, योगा शिविर में सफाई करना, मण्डल के दूसरे स्टेशनों पर उच्चाधिकारियों के आदेश पर सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु जाना, स्टोर गोरखपुर,सफाई सामग्री लेने जाना, DS-8 जमा करने जाना , खाद्यय नमूना तथा जल नमूना जमा करने जाना , बरसात में कालोनी में जल जमाव होने पर वाटर पम्प का संचालन करना, ब्लीचिंग पाउडर तथा लार्वी साइडल का आवश्यकतानुसार छिड़काव करना ,कालोनी में बनी नालियों के दोनों तरफ 1½ फुट तक की कटायी करना तथा सेनीटाइजेशन कार्य करना , जागरूकता हेतु कालोनियों में एनाउन्समेंट करना व अन्य कार्य जो उच्च अधिकारीयों द्वारा निर्देशित की जाए I

**3-कार्य समय-वर्किंग आवर्स-** कालोनी के सभी सफाई कर्मचारी विभागीय है तथा चिकित्सा विभाग के अधीन है I

1-गर्मी के मौसम में 01 अप्रैल से 30 सितम्बर तक 07:30 से 13:00 बजे तक<br>14:30 से 17:00 बजे तक

2-सर्दी के मौसम में 01 अक्टूबर से 31 सितम्बर तक 08:00 से 13:00 बजे तक<br>14:00 से 17:00 बजे तक

**4-अनुभाग के टूल्स एंड प्लांटस : –** पम्पिंग सेट,फागिंग मशीन,स्प्रे मशीन,बाल्टी, फावड़ा सावेल, तार पंजी, पांचा, व्हील बैरो, रिक्शा ठेला,गैती ,क्लोरोस्कोप ,मॉंप स्टीलबॉडी ,रबर स्कैन्जर, मेगा माइक I

**5- <u>कन्ज्यूमेंबुल आइटम; -</u>** ब्रूम्स, एसिड, बायोफ्लोर ,ब्लीचिंग,डस्टर खादी,वास्केट केन,फावड़ा डंडा,पी०ए० कोलीफार्म किट,सोडियम हाइपोक्लोराइड, ग्लाइसोफाइरेड,डीजल,गमबूटस,हैण्ड ग्लब्स रबर स्टेशन।

5- **कार्यालय में मेन्टेन किए जाने वाले रिकार्ड का विवरण:-** कन्ज्यूमेबल रजिस्टर,टी & पी रजिस्टर,अवशेष क्लोरीन रजिस्टर जल-जीवाणु परीक्षण रजिस्टर, जल का रासायनिक परीक्षण रजिस्टर,खाद्य नमूना रजिस्टर ,सी० आर० आई० ,डी०एस० 8 ,डी०एस०2 ,डी०टी०आर०रजिस्टर स्प्रे कार्य का रजिस्टर,एल०ए०पी०रजिस्टर,CL कार्ड,उपस्थिति पंजिका,ईशुनोट,विभिन्न विभागों की पत्राचार फ़ाइल,यात्रा भत्ता फ़ाइल,स्टाफ तथा स्वा० निरी का मूवमेन्ट रजिस्टर, ट्यूशन फीस फ़ाइल,गारवेज डिस्पोजल की फ़ाइल,वाटर पम्प की लॉग बुक,एम०सी०डी०ओ० फ़ाइल,सफाई सामग्री विवरण पंजिका,कार्य विवरण पंजिका,मास्टरशीट ,ए०पी०ओ०फ़ाइल, P.F व कोआपरेटिव निकासी फ़ाइल आदि।

**7- आउटसोर्सिंग से किए जाने वाले कार्य का विवरण :-** गोंडा रेलवे कालोनी में केवल कूड़ा निस्तारण का कार्य डस्टबिन प्वाइन्ट से है विवरण निम्नलिखित है।

1- कार्य का नाम : –_पूर्वोत्तर-रेलवे गोंडा कालोनी क्षेत्र की निर्धारित स्थानों से प्रतिदिन कूड़ेदानो से कूड़ा करकट आदि एवम् मरे जानवर उठाना व उनका निष्पादन तीन वर्ष हेतु।

2- करारनामा सं०-_03 /मेड /219-20 दिनांक -25/07/19

3- आउटसोर्सिंग कम्पनी का नाम- मेसर्स सिददीकी ट्रेडर्स ,168 नियर डिस्ट्रिक हास्पिटल स्टेशन रोड, गोंडा ठेके की अवधि दिनांक -24/01/19 से 23/01/2022 तक (03 वर्ष ) अनुबन्ध पत्र संलग्न है।

**8-** <u>स्वास्थ्य निरीक्षक इकाई /गोंडा कालोनी</u> :— वर्तमान में मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोंडा कालोनी में सफाईवालों की स्वीकृत ,वास्तविक एवं रिक्त पदों की संख्या निम्नवत हैः—

| क्र.सं. | पदनाम | ग्रेड—पे | स्वीकृत संख्या | वास्तविक संख्या | रिक्त पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्वास्थ्य निरी0 | 4200 एवं 4600 | 05 | 05 | 00 |
| 03 | सफाईवाला | 1800 | 54 | 46 | 08 |
| | | योग | **59** | **51** | **08** |

वी॰ ओ॰एस॰=54

आनरोल =46

औसत उपस्थिति = 35

प्रतिदिन अवकाश = 05

अनुपस्थिति = 04

रेलवे सिक = 02

कुल सफाईवाले = 46

स्वास्थ्य निरीक्षक = 05

**9-** गोंडा रेलवे कालोनी लगभग 2.5 वर्ग किलोमीटर में फैला है। इसमें 1702 आवास है। A टाइप ,B टाइप , C टाइप D टाइप नाली व नाले है। इनकी सफाई इन्ही सफाई कर्मचारियों द्वारा कराई जाती है, साथ ही हाल ही में रेस्ट हॉउस की सफाई व्यवस्था जो कि इंजीनियरिंग विभाग के पास थी। मु॰ स्वा॰निरी॰कालोनी को दे दी गई है। इसके आतिरिक्त सर्विस विल्डिंग जो मु॰ स्वा॰निरी॰कालोनी का कार्य क्षेत्र नहीं है। उच्चा अधिकारीयों के आदेश पर निरीक्षण के समय करनी पड़ती है बाहर के स्टेशन पर भी उच्चा अधिकारीयों के निरीक्षण में सफाई कर्मचारी भेजने पड़ते है।

## अध्याय – तृतीय

3.0 **आलोचनात्मक विष्लेषण, आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन संस्तुतियॉ एवं सुझावः–**

3.1 मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोरखपुर जं0 इकाई के अन्तर्गत गोरखपुर जं0 स्टेशन का सफाई का कार्य , सम्पादित कराया जाता है। इसके अर्न्तगत प्लेटफार्मों की सफाई, ट्रैकों की सफाई , नालों की सफाई, प्लेटफार्मों कें कूड़ा को विभिन्न स्थलों रखें गये कूड़े दानों में जमा कराना तथा उनका डिस्पोजल कराया जाता है।

3.2 गोरखपुर जं0 स्टेशन पर साफ–सफाई एवं कूढा निस्तारण एवं Pest and animal control आउट सोर्सिग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। जिसके लिये रेल प्रशासन ने 02 कम्पनीयों से करार किया है।जिसमें पहली कम्पनी M/s Impressions services pvt.ltd New Delhi कम्पनी अपने कर्मचारियों के द्वारा अपने आधुनिकतम मशीनों से अपने मैटिरियल से सफाई कार्य कराती है एवं कूढों का निस्तारण करवाती है। दूसरी कम्पनी M/s Dynamic pest and rodent control New Delhi , .Pest and animal control कार्य करवाती है।

इसके अतिरिक्त रेलवे विभाग के 37 सफाईवाले भी स्टेशन पर सफाई का कार्य करते हैं। प्रशासन चाहे तो अन्य स्टेशनों की भांति गोरखपुर जं0 स्टेशन की सफाई व्यवस्था भी ठेके पर दी जा सकती।स्टेशन पर विभाग के कुल 05 स्वास्थ्य निरीक्षक प्रतिदिन तीन पाली में सरकारी एवं ठेकेदार के सफाईकर्मियों द्वारा किये गये सफाई कार्य का निरीक्षण करते हैं। कार्यालय की व्यवस्था के लिये 01 सरकारी कार्याधी भी पदस्थापित है।

3.3 गोंडा जं0 स्टेशन पर साफ–सफाई एवं कूढा निस्तारण एवं Pest and animal control आउट सोर्सिग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। जिसके लिये रेल प्रशासन ने 01 कम्पनी M/S किंग सिक्यूरटी गार्डस सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड 3/70 विश्वासखण्ड गोमतीनगर ,लखनऊ से करार किया है। गोंडा जं0 स्टेशन पर वर्तमान में कोई सरकारी सफाईकर्मी कार्यरत नहीं है। रेलवे के 04 स्वास्थ्य निरीक्षकों के द्वारा तीन पाली में ठेके के कर्मचारियों द्वारा किये गये सफाई कार्य का निरीक्षण किया जाता है।

3.4 गोंडा कालोनी में पर साफ–सफाई का कार्य रेलवे के सफाईकर्मी द्वारा कराया जाता है। वर्तमान में रेलवे विभाग के 46 सफाईवाले 01 मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक के अन्तर्गत सफाई का कार्य करते हैं। कूढा निस्तारण एवं animal control आउट सोर्सिग के माध्यम से कराये जा रहे हैं। जिसके लिये रेल प्रशासन ने 01

कम्पनी मेसर्स सिददीकी ट्रेडर्स ,168 नियर डिस्ट्रिक हास्पिटल स्टेशन रोड, गोंडा से करार किया है।

3.5 कार्याध्ययन के दौरान पाया कि रेलवे कालोनी के सड़को एवं नालियों की सफाई एवं घास की कटाई मैनुवल की जा रही है। जिससे इन कार्यों में समय ,श्रम एवं धन तीनों जायदा खर्च होता है। अगर इनक कार्यों को ठेके पर मशीनों के माध्यम से करवाया जाय तो समय ,श्रम एवं धन तीनों की बचत होगी।

3.6 वर्तमान समय में जिस तरह हमारी प्रदेश सरकार शहरों में कवर नालियों का निमार्ण करवा रही है उसी प्रकार रेलवे को भी अपने क्षेत्र में कवर नालियों का निमार्ण करवाना चाहिये। जिससे कि नालियां जाम नहीं होगी।

3.7 रेलवे स्टेशन एवं ट्रेन में प्लासटिक, पालीथीन पर प्रतिबंध होना चाहिये। इसके लिये प्रशासन भी रेल परिसर में कागज की पैकेट में पैक बिस्कुट, नमकीन एवं चिप्स को बिक्री के लिये अनुमति प्रदान करें। प्लासटिक के वाटर बाटल की जगह प्लेटफार्म एवं ट्रेन में वाटर वेडिंग मशीन को प्रोत्साहन दिया जाय।

3.8 <u>मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 इकाई की</u> **प्रस्तावित कर्मचारी संख्या निम्नवत् है :–**

| क्र0 सं0 | कार्यस्थल | कार्य का विवरण | कर्मचारियों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | पाली 22:00से 06:00 | पाली 06:00 से 14:00 | पाली 14:00 से 22:00 |
| 1 | पी0आर0एस0 बिल्डिंग | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारवेज, डिस्पोजल | | 1 | 1 |
| 2 | पार्सल बिल्डिंग | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारवेज, डिस्पोजल | | 1 | 1 |
| 3 | आर0आर0आई0 बिल्डिंग + सिग्नल कार्यालय | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारवेज, डिस्पोजल | | 1 | |
| 4 | कुली विश्रामालय | स्वीपिंग, गारबेज डिस्पोजल टायलेट वाथरूम क्लीनिंग | | 1 | |
| 5 | बेस किचन कैम्पस | स्वीपिंग, मापिंग, गारवेज डिस्पोजल | | 1 | |
| 6 | ओ0 आर0 एच0 + बरामदा | स्पीपिंग, मापिंग, गारवेज डिस्पोजल टायलेट, वाषबेसिन, वाथरूम क्लीनिंग | 1 | 1 | 1 |
| 7 | प्लेटफार्म कार्यालय | स्वीपिंग, मापिंग, टायलेट क्लीनिंग | 1 | 2 | 1 |
| 8 | स्टेषन कालोनी | स्वीपिंग, गारबेज डिस्पोजल | | 1 | |
| 9 | एस0आर0एम0कोर्ट + बिजली घर + एरिया मैनेजर कार्यालय | स्वीपिंग, मापिंग टायलेट क्लीनिंग, गारबेज डिस्पोजल | | 1 | |
| 10 | कचरा निस्तारण | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्र कर | | 1 | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | | | |
| 11 | एसी लाउन्ज प्लेटफार्म संख्या 9 (महिला, पुरूष) | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | 1 | 1 | 1 |
| 12 | सम्पूर्ण रेलवे स्टेषन परिसर (सभी प्लेटफार्म कार्यालय, यात्री विश्रामालय आदि) में सैनीटाइंजेषन | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | | 1 | 1 |
| 13 | मेन नाला | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु | | 10 | |
| 14 | पान दाग/पोस्टर/जाला सफाई/अन्य कार्य | सभी कचरा पात्र से कचरा एकत्रकर मेन डस्टबिन तक ले जाने हेतु। | | 1 | |
| 15 | कुल सफाईवाले | | **3** | **24** | **6** |
| | स्वास्थ्य निरीक्षक, कार्याधी0 | सुपरवाइजर स्वा0निरी0 01<br>स्वा0निरी0 एल.आर/आर.जी 02<br>कार्याधी0 01 | 01 | 01 | 01 |
| | तीनों पाली के कुल सफाईवाले = 33 (03+24+06)<br>लिव/सिक/विश्राम/अनु0 सफाईवाले = 07<br>स्वास्थ्य निरीक्षक = 06<br>कार्याधी0 = 01 | | | | |
| | **महायोग = 47** | | | | |

3.9 मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी इकाई की प्रस्तावित कर्मचारी संख्या निम्नवत् है :–

| क्र.सं. | क्षेत्र | कर्मचारी सं0 |
|---|---|---|
| 01 | रेस्ट हाउस से लेकर जय नरायण चौराहे के आर.ओ.बी तक रोड,स्टेशन ए.टी.एम से लेकर रनिंग रुम तक, स्वीच रुम से स्टेशन मेन रोड तक। | 04 |
| 02 | रेस्ट हाउस एवं स्टेशन कालोनी एरिया। | 02 |
| 03 | इंजीनियरिंग कालोनी, जी.आर.पी कालोनी, अधिकारी बंगला रोड | 03 |
| 04 | सेमरा कालोनी रोड नं0 01 से 12 | 08 |
| 05 | गिरजा कालोनी रोड नं0 13 से 17 | 05 |
| 06 | साहबगंज कालोनी | 02 |
| 07 | मेडीकल कालोनी | 02 |
| 08 | बडगावां कालोनी | 02 |
| 09 | खैरा कालोनी | 04 |
| 10 | टी.आर.डी कालोनी | 01 |
| 11 | जी.आर.पी, आर.पी.एफ आवास रनिंगरुम के निकट | 01 |

| | | |
|---|---|---|
| 12 | कम्प्लेन एवं लैट्रीन चोक | 03 |
| 13 | सबार्डिनेट बंगला, एवं विवध कार्य | 03 |
| | कुल सफाईवाले | 40 |
| | एल.आर,सिक,अनुपस्थित सफाईवाले | 08 |
| | स्वास्थ्य निरीक्षक | 05 |
| | कुल योग | **53** |

3.10 प्रस्तावित पदों की समरी

| क्र.सं | ईकाई | वास्तविक पदों की सं0 | प्रस्तावित पदों की सं0 | अभ्यर्पित पदों की सं0 |
|---|---|---|---|---|
| **01** | स्वा0 निरी0 गोरखपुर जं0 | 60 | 47 | 13 |
| **02** | स्वा0 निरी0 गोंडा कालोनी | 59 | 53 | 06 |
| | | | कुल योग | **19** |

3.11 संस्तुति :– संस्तुति की जाती है कि वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ के अधीन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोरखपुर जं0 के सफाईवाले के 13 पद एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/बादशाहनगर के अधीन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक/गोंडा कालोनी के सफाईवाले के 06 पद कुल मिलाकर 19 सफाईवाले के पद जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक ऑकलित किये गये है तथा रिक्त भी चल रहे हैं, को अभ्यर्पित करने पर विचार किया जा सकता है।